

## शास्त्री ने शेड्यूल को लेकर भी उठाए सवाल

शास्त्री ने कहा कि भारतीय क्रिकेट प्रशासन को भविष्य में शेड्यूल को लेकर थोड़ी बेहतर योजना बनानी चाहिए। और साथ ही सिलेक्शन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाने की जरूरत है। टी20 वर्ल्ड कप 2021 से विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। इस बात के लिए उसकी काफी आलोचना भी की जा रही है। लेकिन शास्त्री इस पर अलग राय रखते हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले शेड्यूलिंग पर बात होनी चाहिए ताकि खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंट के लिए तरोताजा रह सकें।

## हम रोज साथ कंचे तो नहीं खेलते लेकिन...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली के साथ अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। शास्त्री और गांगुली के बीच 2017 में कड़वाहट सामने आई थी। तब अनिल कुंबले के हटने के बाद रवि शास्त्री को टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। रवि शास्त्री का कहना है कि वह और गांगुली अब उस मुद्दे से आगे बढ़ गए हैं और दोस्त हैं। 2017 में जब रवि शास्त्री टीम के मुख्य कोच बने तो कई लोगों ने सोचा कि विराट कोहली से उनकी नजदीकी के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे शास्त्री ने कहा कि वह इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहना चाहते क्योंकि सभी प्रारूपों में टीम का प्रदर्शन खुद अपनी कहानी कहता है। शास्त्री ने कहा, हम दोस्त हैं। ऐसा नहीं हैं कि हम एक–दूसरे के साथ रोजाना कंचे खेलते हैं लेकिन आपसी सम्मान बहुत है। जो हुआ वह बीत गया। जब आपका सभी प्रारूपों में जीत का रेकॉर्ड 70 प्रतिशत तक हो तो मुझे नहीं लगता कि आपको किसी को भी जवाब देने की जरूरत है।

# विराट को टेस्ट और वनडे की कप्तानी भी छोड़ देनी चाहिए

क्रिकेट

## शाहिद अफरीदी ने कहा कि रोहित शर्मा को कप्तान बनाना अच्छा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने इस फैसले के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह के फैसले का अंदाजा पहले से था। पूर्व ऑलराउंडर को लगता है कि रोहित की मानसिकता उन्हें एक शानदार खिलाड़ी बनाता है और साथ ही यह भी कहा कि रोहित जहां जरूरत होती है वहां शांत रहते हैं और जब आक्रामकता दिखानी होती है वहां वह आक्रामक होते हैं।

रोहित होंगे टी20 टीम के कप्तान विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। रोहित 17 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने



वाली टी20 सीरीज से भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

समां टीवी से बात करते हुए अफरीदी ने कहा, जहां तक रोहित शर्मा की बात है, यह तो होना ही था। मैं डेक्कन चार्जर्स में एक साल उनके साथ खेला हूं। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं जिनका शॉट सिलेक्शन कमाल का है। वह जब जरूरत होती है तब शांत रहते हैं जब जरूरत होती है तब आक्रामक होते हैं। आपको उनके दोनों रूप देखने को मिलते हैं। उन्होंने आगे कहा, श्जैसा कि मैंने कहा कि कप्तानी में यह बदलाव होना ही था। उन्हें बेशक मौका दिया जाना चाहिए था। इस बीच अफरीदी का कहना है कि विराट कोहली को टेस्ट और वनडे की कप्तानी भी छोड़ देनी चाहिए और अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहिए।

अफरीदी ने कहा, मुझे लगता है कि विराट कोहली को फैसला लेना चाहिए कि वह सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर खेलते रहें। इससे उन पर अपेक्षाकृत कम दबाव होगा। उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है। वह अपने क्रिकेट और बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठा पाएंगे क्योंकि टीम की कप्तानी करना आसान नहीं है। खास तौर पर भारत और पाकिस्तान में तो यह बहुत मुश्किल है। जब तक आप अच्छी कप्तानी करते हैं तब तक ही सब ठीक रहता है। विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। इसके साथ ही वनडे इंटरनैशनल में भी उनका कप्तानी रिकॉर्ड बहुत शानदार है।

# कैच छोड़ने पर हसन अली और उनकी वाइफ को पड़ रही गालियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टी–20 वर्ल्ड कप–2021 के दूसरे सेमीफाइनल में लगातार 5 मैच जीतने वाली पाकिस्तान की टीम को रेमांचक हार मिली। 19वें ओवर में मैथ्यू वेड ने भारत के खिलाफ जीत के हीरो रहे शाहीन शाह अफरीदी को लगातार 3 छक्के उड़ाते हुए ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचाया। जाहिर सी बात है कि अगर कोई टीम जीतती है तो उसके लिए कोई हीरो होता है और हारने वाली टीम के लिए कोई न कोई विलेन जरूर होता है, जिसपर गाज गिरती है। कुछ ऐसा ही हुआ ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल में। दरअसल, शाहीन को छक्के उड़ाने से ठीक पहले



हसन अली से वेड का कैच छूट गया था और उसके बाद जो तूफान आया कि वेड हीरो बन गए और अली के खाते में गालिया आ रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट फैंस सोशल मीडिया पर न केवल हसन अली को बुराभला कह रहे हैं, बल्कि उनकी भारतीय मूल की वाइफ और फैमिली के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस मामले में कई खिलाड़ी हसन अली के सपोर्ट में आ गए हैं।

भारतीय दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह अपने यूट्यूब चौनल पर हसन अली को गालियां देने वालों को खूब लताड़ा। उन्होंने कहा कि किसी भी टीम और उसके फैंस को न केवल जीत, बल्कि हार भी पचानी आनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ी से अहम मौके पर कई बार कैच छूट जाते हैं और कई बार कैच पकड़े जाते हैं। यह मैच का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा– लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी खिलाड़ी को कुछ भी कहे। यह भूल जाओ कि हसन अली किस देश का है। वह एक खिलाड़ी है और अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहा है। मैच में हार के बाद उनकी फैमिली को इसमें शामिल करन गलत बात है। वह भी आखिर एक इंसान है और उससे भी गलती हो सकती है।

## हसन अली ने कैच छोड़ दिया था लेकिन आपको दिमाग लगाना चाहिए था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह शाहीन ने टी20 वर्ल्ड कप 2021 सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19वें ओवर में अच्छी गेंदबाजी नहीं की। पाकिस्तान के समां टीवी से बात करते हुए शाहिद ने कहा कि बेशक हसन अली ने ओवर की तीसरी गेंद पर कैच छोड़ दिया था लेकिन इसके बाद भी शाहीन को समझदारी से गेंदबाजी करनी चाहिए थी। गौरतलब है कि शाहिद की बड़ी बेटी अक्सा और शाहीन की सगाई हो चुकी है। और जल्द ही दोनों की शादी होने वाली है। मई में दोनों परिवारों ने इस रिश्ते की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा, मैं एक बात को लेकर शाहीन से खुश नहीं हूं। ठीक है, हसन अली ने कैच छोड़ दिया था लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि आप बुरी गेंदबाजी करेंगे और लगातार तीन छक्के खाएंगे। शाहिद अफरीदी ने आगे कहा कि शाहीन को मैथ्यू वेड के खिलाफ वाइड यॉर्कर फेंकनी चाहिए थीं।

## न्यूज डायरी



### ट्राफी न्यूजीलैंड या आस्ट्रेलिया में से कौन जीतेगा, शेन वार्न ने बताया नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के फाइनल मुकाबले पर पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस की नजर है और हर कोई जानने को बेताब है कि अब नया वर्ल्ड चैंपियन कौन होगा। हालांकि रविवार को होने वाले फाइनल मैच के लिए किसी एक टीम को दावेदार कहना शायद ही सही हो क्योंकि दोनों टीमें शानदार क्रिकेट खेल रही हैं और गजब का जज्बा अब तक दिखाया है। दोनों टीमें बल्लेबाजी व गेंदबाजी के मामले में काफी सशक्त दिख रही है। हालांकि फाइनल में भी ओस की भूमिका रहेगी और शायद बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को पास ज्यादा अवसर होंगे क्योंकि यूएई में ज्यादातर बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों को ही जीत मिली है। अब जब हर कोई ये जानने को बेताब है कि किस टीम को जीत मिलेगी और कौन इस बार चौंपियन बनेगा इसके बारे में पूर्व कंगारू स्पिनर शेन वार्न ने बताया है। शेन वार्न ने अपने ट्वीट अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया और कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 टूर्नामेंट अब तक जबरदस्त रहा है और इसके दोनों सेमीफाइनल मुकाबले बेहद शानदार थे।

### रिजवान के जज्बे से हैरान हैं उनका इलाज करने वाले भारतीय डॉक्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद रिजवान को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए तैयार करने में उनकी मदद करने वाले भारतीय डॉक्टर ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज के जज्बे की जमकर प्रशंसा की जो छाती में संक्रमण के कारण अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थे। मेदोर अस्पताल के चिकित्सक शाहीर सैनलबदीन ने इस क्रिकेटर का इलाज किया और रिजवान के इतने जल्दी स्वस्थ होने से हैरान थे। रिजवान आईसीयू में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से लगातार कह रहे थे, 'मुझे खेलना है। टीम के साथ रहना है।' पाकिस्तानी सलामी बल्लेबाज ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 52 गेंदों पर 67 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि आस्ट्रेलिया से इस मैच में पांच विकेट से हार गई थी। शाहीर ने कहा, 'रिजवान इस महत्वपूर्ण नॉकआउट मैच में खेलने के लिये बेताब थे। वह प्रतिबद्ध और आत्मविश्वास से भरे थे। मैं उनके इतने जल्दी स्वस्थ हो जाने से हैरान था।'

### मैथ्यू वेड का अंतिम मैच हो सकता है फाइनल, दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के हीरो रहे विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड का अंतिम मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ टी–20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच हो सकता है। यह खुद वेड का कहना है। उन्होंने मैच विनिंग पारी खेलने के बाद कहा कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भी नर्वस था। जब मैच फिनिश का मौका मिला तो मैं हर हाल में जीत दर्ज करना चाहता था। वह 41 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने में सफल रहे। 'प्लेयर ऑफ द मैच' वेड ने पाकिस्तान के खिलाफ 17 गेंद में यह पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभायी। वेड ने मैच के बाद कहा, 'मैं मैच से पहले थोड़ा नर्वस था और जानता था कि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने का यह अंतिम मौका हो सकता था।'

### टेस्ट टीम में चयनकर्ताओं के साहसिक फैसले, फिर उठने लगे हैं सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेतन शर्मा की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने एक और हैरान करने वाला फैसला लिया। हनुमा विहारी को डिमोट कर भारत ए के साउथ अफ्रीका दौरे पर जाने वाली टीम में शामिल कर लिया वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर को जगह दी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 25 नवंबर से कानपुर में शुरू होगी। वहीं, विहारी का नाम साउथ अफ्रीका दौरे की भारत ए टीम की घोषणा के तीन दिन बाद इसमें जोड़ा गया। अजिंक्य रहाणे ही विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम का पहले टेस्ट में नेतृत्व करेंगे। विराट कोहली 3 दिसंबर से मुंबई में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगे।